

# सघन सर्चिंग के बाद सतना नदी में मिला यात्री का शव

## ट्रेन में यात्रा के दौरान कटनी-सतना स्टेशन के बीच अचानक हो गया था लापता, पुलिस की जांच जारी

नवभारत न्यूज

**सतना 19 फरवरी. साकेत एक्सप्रेस में सवार होकर मुंबई से प्रयागराज की यात्रा कर रहा एक व्यक्ति कटनी से सतना रेलवे स्टेशन के बीच अचानक लापता हो गया. जिसकी तलाश करने के लिए पुलिस बल द्वारा कटनी से सतना रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे लाइन के दोनों छोर पर सघन सर्चिंग अभियान चलाया गया.**

लेकिन जब कड़ी मशक्कत के बावजूद भी सफलता नहीं मिली तब प्राप्त जानकारियों का सूक्ष्म विश्लेषण करते हुए सतना नदी में एसडीआरएफ की टीम को उतार दिया गया. एसडीआरएफ की टीम घंटों नदी की तलहटी की खाक छानती रही. जिसका नतीजा यह हुआ कि ट्रेन से गायब हुए व्यक्ति का शव सतना नदी से खोज निकाला गया.

प्रयागराज उप्र के प्रतापपुर कला गांव के निवासी पवन पाण्डेय जीआरपी थाने पहुंचे और अपने बड़े भाई धीरज पाण्डेय के ट्रेन से अचानक गायब हो जाने की शिकायत की. पवन ने बताया कि उनके भाई 22183 साकेत एक्सप्रेस में सवार होकर मुंबई से प्रयागराज तक की यात्रा कर रहे थे. जब उन्होंने अंतिम बार बात की थी तो बड़े भाई ने अपनी लोकेशन कटनी स्टेशन के पास होना बताया था. लेकिन उसके बाद उनका मोबाइल बंद हो गया और उनका कहीं कोई पता नहीं चल पा रहा है. घटना की गंभीरता को देखते हुए जीआरपी ने प्रकरण दर्ज करते हुए ट्रेन से लापता हुए धीरज की तलाश शुरु की. जींच के दौरान जीआरपी ने आरपीएफ पोस्ट सतना के एएसआई अनिल राय



सहित अन्य स्टॉफ से संपर्क किया. जिसके जरिए यह जानकारी सामने आई कि साकेत एक्सप्रेस में सवार यात्रियों द्वारा कटनी से सतना स्टेशन के बीच एक व्यक्ति के खंबे से टकराकर ट्रेन से नीचे गिर जाने की सूचना दी गई थी. जिसे देखते हुए कटनी से सतना के बीच पड़ने वाले सभी स्टेशन के प्रबंधकों के साथ जानकारी साझा की गई. इसी कड़ी में जीआरपी कटनी से लेकर पुलिस कंट्रोल रुम सतना-कटनी को सूचना देते हुए संभावित स्थान के बारे में जानकारी एकत्र की गई. लेकिन इसके बावजूद भी कहीं से कोई जानकारी निकलकर सामने नहीं आ सकी. जिसके चलते पुलिस बल और उपलब्ध कर्मचारियों द्वारा रेलवे ट्रैक के दोनों किनारों पर सघन सर्चिंग अभियान चलाया गया. इस दौरान रेलवे ट्रैक के दोनों किनारों पर स्थित गहरी झाड़ियां, गड्ढे और दुर्गम स्थानों में घुसकर खोजबीन की गई. लेकिन लगातार सघन सर्चिंग अभियान चलाए जाने के बावजूद भी कोई सुराग नहीं मिला. लिहाजा जीआरपी टीम ने मोबाइल की लोकेशन और यात्रियों से मिली जानकारी का सूक्ष्म विश्लेषण शुरु किया. जिसके आधार पर रेल यात्री के सतना नदी में गिरने की प्रबल संभावना सामने आई. जिसे देखते हुए एसडीआरएफ की टीम की सहायता ली गई.

एसडीआरएफ की टीम ने मोटर बोट की सहायता से सतना नदी में सभी संभावित स्थलों पर सघन तलाशी अभियान चलाया. जिसका नतीजा यह हुआ कि ट्रेन से लापता हुए धीरज का शव सतना नदी से खोज निकाला गया.

### गृह ग्राम भेजा गया शव

पानी में पड़े होने के कारण शव फूल चुका था. लेकिन सिर के पिछले हिस्से पर गंभीर चोट के निशान स्पष्ट नजर आ रहे थे. शव का पोस्टमार्टम जिला चिकित्सालय के आरएमओ डॉ. शरद दुबे की निगरानी में कराए जाने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया. शव के साथ मिली सोने की चैन और अंगूठी को छोटे भाई पवन को सौंप दिया गया. जिसके बाद निजी एंबुलेंस की व्यवस्था करते हुए शव को परिजनों के साथ गृह ग्राम के लिए रवाना कर दिया गया. केस डायरी तैयार कर मामले को सिटी कोतवाली भेज दिया गया है. जहां पर पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है.

# प्लेटफार्म-1 पर मिली 8 .82 लीटर शराब

## तस्करी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सतना 19 फरवरी. रेलवे स्टेशन पर शराब की तस्करी किए जाने के मामले का उस समय खुलासा हुआ जब उप स्टेशन प्रबंधक कार्यालय के सामने अवैध शराब की खेप पकड़ ली गई. इस मामले में जीआरपी द्वारा तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया.**

जीआरपी उप थाना प्रभारी राजेश राज से प्राप्त जानकारी के अनुसार देर रात जांच के दौरान प्लेटफार्म क्र. 1 पर उप स्टेशन प्रबंधक कार्यालय के सामने एक व्यक्तिम संदिग्ध हालत में दिखाई दिया. जब पुलिस टीम ने उस पर गौर किया तो वह सकपकाते हुए इधर उधर देखने लगा. इस दौरान जैसे ही पुलिस टीम आगे बढ़ी तो युवक ने भागने के लिए दौड़ लगा दी. जिसका पीछा करते हुए टीम ने दबोच लिया. तलाशी लेने पर युवक के पास मौजूद प्लास्टिक की बोरी को जब खोलकर देखा गया तो उसमें शराब की बोतलें रखी मिलीं. बोरी में कुल 8.82 लीटर शराब पाई गई. जिसकी कीमत 6 हजार 272 रु आंकी गई. जिसे देखते हुए आरोपी अृमतलाल पिता राम आधार उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम जोव मैहर को गिरफ्तार कर लिया गया. अशंका जताई जा रही है कि आरोपी द्वारा उक्त शराब को ट्रेनों में सप्लाई करने के लिए रेलवे स्टेशन पर लाया गया होगा.

# ट्रेन में चैन स्नेचिंग कर रहा था ददुआ गिरोह का सदस्य

## चितहरा रेलवे स्टेशन पर घेराबंदी कर जीआरपी ने दबोचा

नवभारत न्यूज

**सतना 19 फरवरी. कभी कुख्यात डकैत ददुआ गिरोह के सक्रिय सदस्य रहा और रूसी महिला की हत्या के मामले में सजा काट चुका शातिर अपराधी इन दिनों ट्रेन में बड़ी ही निर्दयता से महिलाओं के गले से चैन स्नेचिंग की घटनाओं को अंजाम दे रहा था. जिसे देखते हुए उसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही थी. इसी दौरान सटीक सूचना के आधार पर जीआरपी ने चितहरा रेलवे स्टेशन पर घेराबंदी करते हुए आरोपी को दबोच लिया.**

जीआरपी उप थाना प्रभारी राजेश राज से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेगूसराय बिहार के निवासी रोपण कुमार सिन्हा अपने परिवार के साथ एलटीटी सुफा एक्सप्रेस के ए-2 कोच में बेगूसराय से ठाणे तक की यात्रा कर रहे थे. 11 अप्रैल 25 को ट्रेन जैसे ही सतना स्टेशन से आगे बढ़ी वैसे ही रोपण की पत्नी के सिरहाने रखा लेडीज पर्स चोरी हो गया. पर्स में सोने-चांदी के आभूषण सहित मोबाइल रखा हुआ था. जीआरपी ने प्रकरण दर्ज करते हुए जांच शुरु की तो लगभग महीने भर बाद राजेंद्र नगर सतना निवासी रवि चौधरी को दबोच लिया. जिसके पास से चुराया गया मोबाइल बरामद हो गया. इसी कड़ी में जब पुलिस द्वारा



चुराए गए अन्य सामान के बारे में पूछताछ की तो शीलू दुबे पिता अंबिका उम्र 32 वर्ष निवासी इटमा का नाम सामने आया. लिहाजा पुलिस द्वारा आरोपी शीलू की सरगर्मी से तलाश शुरु कर दी गई. इसी कड़ी में जीअरापी को इस बात की सटीक सूचना मिली कि शीलू मेमो ट्रेन ममें सवार होकर चितहरा आ रहा है. जिसे देखते हुए जीआरपी की टीम ट्रेन के पहुंचने से पहले ही चितहरा पहुंच गई और रेलवे स्टेशन पर घेराबंदी कर दी. ट्रेन से उतरने के बाद आरोपी जैसे ही सतना एंड की ओर बढ़ा वैसे ही जीआरपी की टीम ने सावधानी बरतते हुए उसे दबोच लिया. पूछताछ में आरोपी ने बताया कि चोरी किए हुए आभूषणों को उसने अपने मित्र अमित लोनिया निवासी पहाड़ी मैहर के घर में छिपाया हुआ है. लिहाजा बताए गए स्थान पर दबिश देते हुए जीआरपी ने चुराए गए आभूषणों में से एक जोड़ी कान के झुमके बरामद कर लिए. जिसकी कीमत 1.20 लाख रु आंकी गई.

### सतना-बांदा में काट चुका है सजा

जीआरपी प्रभारी के अनुसार आरोपी शीलू कुख्यात डकैत ददुआ गिरोह का सक्रिय सदस्य था. रुसी महिला की हत्या के मामले में जीआरपी सतना द्वारा उसे गिरफ्तार किया गया था. इसी कड़ी में अपने ही गांव में हत्या के आरोप में बांदा पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचाया था. जहां से छूटने के बाद वह ट्रेनों में चैन स्नेचिंग करने लगा. आरोपी शीलू बड़ी ही निर्दयता के साथ महिलाओं के गले से चैन खींचकर फरार हो जाता था. जिसके चलते उसे पकड़ना पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था.

# चलती बस में बैग से धुआं उठने पर यात्रियों में हड़कंप

## फायर इक्विपमेंट से बुझी आग, बड़ा हादसा टला

नवभारत न्यूज

**सतना, 19 फरवरी. सेमरिया से सतना की ओर आ रही एक यात्री बस ( एमपी 09 एफए 5707 ) में गुरुवार दोपहर अचानक धुआं उठने से यात्रियों में हड़कंप मच गया। बस की बैटरी के ऊपर रखे कपड़ों से भरे बैग से धुआं निकलना शुरू हुआ, जिससे बस में दहशत फैल गई।**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ड्राइवर केबिन के पीछे बैठे यात्रियों ने सबसे पहले बैग से



धुआं निकलते देखा। उन्होंने तुरंत बस स्टाफ को इसकी सूचना दी। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए चालक ने तत्काल बस को सड़क किनारे रोका। परिचालक और अन्य स्टाफ ने सूझबूझ का परिचय देते हुए तुरंत बैग को बस से बाहर फेंका। इसके बाद बस में उपलब्ध अग्निशमन यंत्र ( फायर इक्विपमेंट ) की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। इस त्वरित कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया।

### बैग में रखा सामान जला

बताया गया कि बस में रखा बैग बिहरा कोटर से सतना आ रही दो महिलाओं का था, जो एक शादी समारोह में शामिल होने जा रही थीं। आग लगने से उनकी कई साड़ियां और अन्य कपड़े जल गए, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ। गनीमत रही कि इस घटना में किसी भी यात्री को शारीरिक चोट नहीं आई। घटना के बाद बस को कुछ देर के लिए रोका गया। स्थिति सामान्य होने पर बस को सतना के लिए दोबारा रवाना कर दिया गया।

## सागर में सांसद गणेश सिंह का स्वागत

**सतना, 19 फरवरी.** मध्यप्रदेश की राजनीति में सक्रियता और संगठनात्मक ऊर्जा का एक जीवंत दृश्य उस समय देखने को मिला जब भोपाल से लौटते समय सांसद गणेश सिंह का सागर में भव्य स्वागत किया गया। विजय पटेल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ उनका अभिनंदन किया। पूरे कार्यक्रम में उत्साह, अनुशासन और राष्ट्रनायकों के प्रति सम्मान की भावना स्पष्ट रूप से झलकती रही।

# अस्पताल में सीजेरियन डिलिवरी के बाद पैसों की मांग

▸ आशा कार्यकर्ता के खिलाफ युवक ने दर्ज कराई शिकायत

नवभारत न्यूज

**सतना, 19 फरवरी. जिले के पिपरीकला गांव से एक गंभीर शिकायत सामने आई है, जिसमें एक आशा कार्यकर्ता पर प्रसूता के परिवार से अवैध रूप से रुपये लेने का आरोप लगाया गया है। मामले की शिकायत मुख्य चिकित्सा अधिकारी को लिखित रूप से दी गई है।**

शिकायतकर्ता अजय चौधरी, निवासी पिपरीकला तहसील बिरसिंहपुर, जिला सतना ने बताया कि उनकी पत्नी कंचन चौधरी की



डिलिवरी 14 फरवरी 2026 को ऑपरेशन के माध्यम से हुई थी। आरोप है कि इस दौरान आशा कार्यकर्ता माधुरी त्रिपाठी ने 6,000 रुपये की मांग की और राशि प्राप्त की। अजय चौधरी का दावा है कि रुपये लेने की बातचीत की रिकॉर्डिंग उनके मोबाइल फोन में सुरक्षित है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आशा कार्यकर्ता द्वारा उन्हें छुट्टी पत्रक (डिस्चार्ज स्लिप) और टीकाकरण कार्ड देने में आनाकानी की गई।

गौरतलब है कि पीड़ित परिजन और आशा कार्यकर्ता के बीच फोन पर हुई बातचीत में आशा द्वारा यह स्वीकार किया गया कि यह रुपए उसने ऑपरेशन करने वाले चिकित्सक को देने के लिए प्राप्त किए थे।

### निष्पक्ष जांच की मांग

पीड़ित ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सतना से मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। शिकायत गुरुवार को दर्ज कराई गई है। मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# चिकित्सालय परिसर के शौचालय में पैसे लेने की शिकायत, एजेंसी को चेतावनी

▸ जिला चिकित्सालय के शौचालय में पैसे वसूली की शिकायत पर सीईओ ने किया औचक निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सतना, 19 फरवरी. अस्पताल परिसर स्थित हनुमान मंदिर के पास बने शौचालय को लेकर भी गंभीर शिकायत सामने आई।**

जानकारी मिली कि शौचालय उपयोग करने वाले प्रत्येक व्यक्ति से पैसे वसूले जा रहे हैं। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सीईओ जिला पंचायत स्वयं मौके पर पहुंचे और स्थिति की जानकारी ली। सीईओ शैलेन्द्र सिंह ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि यदि दोबारा इस प्रकार की शिकायत प्राप्त हुई तो संबंधित एजेंसी और एनजीओ के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी तथा उनका अनुबंध निरस्त कर दिया जाएगा। सीईओ ने कहा कि जिला अस्पताल आमजन के स्वास्थ्य का प्रमुख केंद्र है, यहां आने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा



नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए कि साफ-सफाई, शौचालय, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाए।प्रशासन की इस सख्ती के बाद अस्पताल प्रबंधन में हड?प की स्थिति देखी गई। अब देखना होगा कि व्यवस्थाओं में कितनी तेजी से सुधार होता है।

### कई दिनों से नाली जाम

सीईओ द्वारा किय जा रहे निरीक्षण के दौरान एक व्यक्ति द्वारा इस बात की शिकायत की गई कि अस्पताल परिसर और सड़क के बीच की नाली की सफाई पिछले कई दिनों से नहीं हुई है। अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान पर इस तरह की लापरवाही गंभीर संक्रमण को जन्म दे सकती है। इस संबंध में स्थानीय जन प्रतिनिधि से भी कई बार शिकायत की गई लेकिन कुछ नहीं हुआ। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीईओ द्वारा मातहत कर्मचारी को यह समस्या नोट करने के निर्देश दे दिए गए।



# न्यायाधीश ने किया केंद्रीय जेल का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सतना, 19 फरवरी. केन्द्रीय जेल सतना में गुरुवार को पार्थशंकर मिश्रा वरिष्ठ न्यायाधीश / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतना और मुहम्मद जीलानी विधिक सहायता अधिकारी सतना द्वारा भ्रमण/निरीक्षण किया गया।**

वरिष्ठ न्यायाधीश द्वारा जेल अस्पताल, सेक्टर नम्बर 06 का निरीक्षण किया गया व जेल अस्पताल में भर्ती बीमार बंदियों के स्वास्थ्य की जानकारी ली गई। न्यायाधीश द्वारा जेल की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर जेल अधीक्षक, श्रीमती लीना कोष्टा, जेल उपअधीक्षक श्रीकान्त त्रिपाठी, जेल चिकित्सक, डॉ अंशुमान शर्मा, कल्याण अधिकारी अनिरूद्ध कुमार तिवारी, सहायक जेल अधीक्षक अभिमन्यु पाण्डेय, अष्टकोण अधिकारी फिरोजा खातून एवं जेल स्टॉफ उपस्थित रहा।

## पश्चिम मध्य रेलवे से गुजरेगी स्पेशल ट्रेनें

**सतना, 19 फरवरी।** रेलवे द्वारा आगामी त्यौहारों होली पर यात्रियों की सुविधा हेतु एवं उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। इसी क?ी में मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली स्पेशल ट्रेन एलटीटी-बनारस-एलटीटी, पुणे-गोरखपुर-पुणे एवं सीएसएमटी-गोरखपुर-सीएसएमटी के बीच विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी।

# भव्य मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सतना, 19 फरवरी. पावन नगरी सतना में धर्म, आस्था और सनातन परंपरा के दिव्य संगम का ऐतिहासिक अवसर साक्षी बना।**

कसौधन वैश्य समाज के मीडिया प्रभारी महेश कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि रामेश्वर सेवा समिति के तत्वावधान में 15 फरवरी से 21 फरवरी 2026 तक



आयोजित सात दिवसीय भव्य मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

# उद्योगपतियों को लाभ किसानों को सजा, माइनिंग लीज का मामला

नवभारत न्यूज

**सतना, 19 फरवरी. सतना सहित समूचे प्रदेश में उद्योगपतियों को लाभ देने के लिए शासन, प्रषासन और सरकार मिलकर किसानो के भविष्य को संकट में डालने का काम कर रही हैं।**

एक ऐसा ही प्रकरण जिले की रामपुर बाघेलान की तहसील क्षेत्र का सामने आया है जिसमें गजट नोटिफिकेषन जारी कर 910.384 हेक्टेयर भूमि मेसर्स डालमिया भारत सीमेन्ट लिमिटेड को वार्षिक भूतल प्रतिकर यानी सालाना सरफेस कम्पसेषन के आधार पर खनन प्रायोजन के लिए स्वीकृति करने की कार्यवाही चल रही है। इस सिलसिले में अनुविभागीय अधिकारी रामपुर बाघेलान द्वारा सार्वजनिक सूचना भी जारी की गई है। जिन गांवो की उपजाऊ जमीने सालाना किराये की तर्ज पर उत्खनन के लिए दिये जाने की कार्यवाही प्रस्तावित है उनमें ग्राम जमुना की 89.234 हेक्टेयर भूमि में से 17.977 हेक्टेयर, जनार्दनपुर, बैरिहा और पटरहाई की 575.830 हेक्टेयर में से 341.901 हेक्टेयर तथा पगरा, झिरिया बाजपेयी, झिरिया कोठार और झिरिया कोपरिहान की 245.320 हेक्टेयर में से 161.253 हेक्टेयर भूमि इस प्रक्रिया में शामिल है। जानकार बताते है कि अनेक वर्षो से खेती-किसानी कर अपनी जीविका उपार्जन कर रहे जमुना, जनार्दनपुर, बैरिहा, पटरहाई, पगरा, झिरिया बाजपेयी, झिरिया कोठार और झिरिया कोपरिहान ग्राम पंचायत क्षेत्र की जो भूमियॉ चिन्हित की गई है उससे तीन हजार से ज्यादा किसानों के प्रभावित होने की आशंका है।

### पीढ़ियों की जीवन रेखा का अस्तित्व संकट में : कमलू



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलेन्द्र सिंह कमलू ने सार्वजनिक सूचना से जूडे दस्तावेज उपलब्ध कराते हुए कहा कि यह केवल जमीन का प्रश्न नहीं, बल्कि अगली पीढ़ियों की जीवनरेखा, रोजगार और अस्तित्व का मुद्दा है। यदि औद्योगिक प्रयोजन के लिए जमीन ली जा रही है तो किसानों को मुआवजा के अलावा उनके पुनर्वास के साथ साथ उनके परिवार के सदस्यों को स्थायी नौकरी देने की बात भी सुनिश्चित करनी चाहिए थी लेकिन दबाव के बीच इस प्रक्रिया को अंजाम नही दिया गया। कमलेन्द्र सिंह कमलू ने कहा कि प्रशासन की असामान्य जल्दबाजी और नोटिस जारी करने की प्रक्रिया से स्पष्ट है कि किसानों को विश्वास में लेने का कोई गंभीर प्रयास नहीं हुआ।

## एक नजर में



### स्वास्थ्य शिविर में 300 बच्चों की हुई जांच

**सतना,** । राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत सामाजिक संस्था भारत विकास परिषद सतना द्वारा शनिवार को महिला दिवस के अवसर पर महदेवा स्थित जेपी विद्यापीठ विद्यालय में बृहद स्वास्थ शिविर सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। स्वास्थ्य शिविर में मुख्य रूप से ऑर्थोपेडिक सर्जन डा विपिन मिश्रा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ विजेयता राजपूत, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ नितिन गुप्ता, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सौम्या तिवारी, डॉ चंद्रकांत द्विवेदी, डॉक्टर स्मिता सिंह का सराहनीय योगदान रहा। भारत विकास परिषद द्वारा सभी सेवा भावी चिकित्सकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।



### रोमांचक मोड़ पर पहुंचा नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट

**सतना।** स्वामी पूर्णानंद जी की पावन स्मृति में आयोजित 25 दिवसीय ओपन नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट अब रोमांचक मोड़ में पहुंच गया है। टूर्नामेंट के तेरहवें दिन विधानसभा क्षेत्रों की टीमों के बीच मुकाबले खेले जा रहे हैं पहला मैच रामपुर 11 और मैहर विधानसभा टीम के बीच हुआ जिसमे रामपुर 11 ने जीत हासिल की, दूसरा मैच नागौद बी और सेमरिया विधानसभा के बीच हुआ जिसमें नागौद टीम ने जीत हासिल की तीसरा मैच नागौद और रामपुर के बीच हुआ जिसमे नागौद टीम ने जीत हासिल की। इसी बीच जीती टीम में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को रत्नाकर चतुर्वेदी शिवा आए हुए अतिथियों के साथ पहले मैच में नीलू तिवारी दूसरे मैच में इरशाद खान ,तीसरे मैच में अभिषेक मिश्रा को मैन ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया।